सावन की झड़ी से खिले किसानों के चेहरे, खेतों में पड़ने लगी थी दरारें

जगदलपुर 7 अगस्त (सन्यूस)। बस्तर के किसानो को लंबे इंतजार के बाद आखिरकार सावन के दूसरे सप्ताह में मानसून मेहरबान हुआ है । 6 अगस्त की रात से झड़ी लगा है।

अच्छी बारिश से समूचा अंचल तर-बतर हो गया। खेती-किसानी के रुके काम ने रफ्तार पकड़ ली है। किसान बियासी-निदाई करने में जुट गए हैं। हालांकि खेती-किसानी का काम बारिश नहीं होने ने पिछड़ गया है, लेकिन किसानों को अब कुछ उम्मीद बंधने लगी है।

बस्तर में जून-जुलाई के महिने में औसतन कम बारिश होने के कारण खेतो में दरारे पड़ने लगी थी। लगभग 300 एमएम कम बारिश होने से किसानो की मुसीबत बढ़ गया था। 6 अगस्त की रात से बारिश शुरू होकर रात भर रुक-रुककर होती रही। 7 अगस्त को सूर्यदेव के दर्शन भी नहीं हो पाया। आषाढ़ बीतने के बाद किसान अच्छी बारिश की आस लगाकर बैठे थे। सावन के दूसरे सप्ताह जमकर बारिश ने राहत पहुंचाई है।

पिछले पखवाड़े से कम बारिश होने से किसान मायूस थे। खेतों मे दरार पड़ गई थी। किसान अपनी फसल बचाने के लिए चिंतित नजर आ रहे थे। किसानों को लंबे समय भारी बारिश का इंतजार था। किसानों के मुताबिक तेज बारिश न होने से न सिर्फ धान की फसलें पर असर पड़ रहा था। रात में हुई बारिश से किसानों को लाभ पहुंचा है।

मौसम विभाग ने भारी बारिश की दी चेतावनी

मौसम विभाग ने 48 घंटे घटे के लिए प्रदेश में जोरदार बारिश की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 48 घंटे में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों ने तेज़ गरज- चमक के साथ बारिश होगी। कम दबाव का क्षेत्र छत्तीसगढ़ और आसपास क्षेत्रों में बना हुआ है। कुछ दिनों से बारिश बस्तर के आसपास इलाकों में नहीं हो रही थी, लेकिन 6 अगस्त से शुरू हुई बारिश किसानों के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। रुक रुक कर पूरे बस्तर संभाग में बारिश हो रही है।

बस्तर में भी बढ़ रहा जुंबा का जुनून

प्रिया बनी बस्तर की पहली लायसेंस सर्टिफाइड इंस्ट्रक्टर

जगदलपुर 7 अगस्त (सन्यूस)। जुंबा डांस सबसे बड़ी फिटनेस कम्युनिटी के रूप में उभर कर सामने आ रहा है। बस्तर में भी इसका जुनून तेजी से बढ़ते जा रहा है। बकायदा लोग इसका सर्टीफिकेट कोर्स कर रहे है। जुंबा डांस हंसते-खेलते फिटनेस बनाने के साथ मजेदार तकनिक के जरिए आप तेजी से वजन कम करने के लिए भी जुड़ रहे है। बस्तर की पहली लायसेंस सर्टिफाइड जुंबा इंस्ट्रक्टर प्रिया शर्मा बन गई है।

कोलंबियन डांसर और कोरियोग्राफर ने 1990 में जुंबा डांस की शुरुआत की थी। आज 185 देशो के लोग जुड़ चुके है। नगर के इंडस्ट्रीयल एरिया निवासी प्रिया शर्मा हैदराबाद जाकर भारत की पहली जुंबा स्पेशलिस्ट सुचेता पाल, स्वेता कुलकर्णी से प्रशिक्षण प्राप्त कर बस्तर की पहली लायसेंस सर्टिफाइड जुंबा इंस्ट्रक्टर बनी। उन्होने बताया की बोरिंग एक्सरसाइज और जिम में पसीना बहाने से जो लोग छुटकारा चाहते है और हँसते खेलते अपना वजन कम करना है तो जुंबा डांस बेस्ट च्वाइस हो सकता है। जुंबा डांस एक्सरसाइज करने का सबसे बेस्ट तरीका है। यह दूसरे डांस की तरह ही बहुत सिंपल है, जिसे आम महिलाएं भी आसानी से कर सकती हैं। यह डांस अगर अच्छी तरह से किया जाए तो एक घंटे में आप 400 से 600 कैलोरीज बर्न कर सकती हैं। इस डांस को करने से न सिर्फ आपका वजन कम होगा बल्कि इससे आपका मूड भी हमेशा अच्छा रहेगा। उन्होंने बताया की जुंबा डांस एक फिटनेस प्रोग्राम है, जिसकी हर मूवमेंट पर शरीर के हर पार्ट पर जोर पड़ता है और वह बॉडी पार्ट टोन हो जाता है। रोजाना इस डांस को करने से आप कुछ समय में ही स्लिम और परफेक्ट फिगर पा सकती है। इतना ही नहीं, इस डांस से आप कमर, जांघ या बट्ट का वजन भी कम कर सकती हैं। शरीर का एक्सट्रा फैट बर्न होता है। रोजाना इसकी एक क्लास करने से आप लगभग 500 से 800 कैलोरी बर्न करते हैंइस डांस को करने के लिए आपको कूदना पड़ता है और गहरी सांस लेनी पड़ती है। इससे आपके फेफड़ें जोर-जोर से चलने लगते हैं, जिससे वह लंबे समय तक स्वस्थ रहते हैं।

कई बीमारियों से बचाता है

जुंबा डांस मोटापे कम करने के साथ तनाव और डिप्रेशन जैसी समस्याओं से बचाता हैं।नियमित रूप से यह डांस करने से हार्ट डिजीज, थायरॉइड आदि बीमारियों के होने की संभावना भी कम हो जाती है। जुंबा डांस करने से हमारे शरीर की मसल्स फ्लेक्जिबल बनती हैं। ब्लड सर्कुलेशन बेहतर करने के लिए भी यह डांस एक्सरसाइज फायदेमंद होता है। इतना ही नहीं इस डांस को करने से डाइजेस्टिव सिस्टम भी ठीक तरह से काम करता है।

अधिकारियों की लापरवाही से 1166 किसानों का फार्म रिजेक्ट, नहीं मिलेगा बीमा लाभ

जगदलपुर 7 अगस्त (सन्यूस)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ किसानो को दिलाने के लिए शासन ने 21 बैंको को जिम्मेदार सौंपा था। फसल को नुकसान होने पर भरपाई के लिए जिले के 15 हजार 421 अऋणी किसानो ने फार्म भरा था। इनमें 1 हजार 166 किसानो को अधिकारियो की लापरवाही के चलते फसल बीमा का लाभ नही मिलेगा। बैंको ने फार्म को रिजेक्ट कर दिए है।

बस्तर में इस वर्ष जून-जुलाई में हुई औसतन कम बारिश ने किसानो को डरा दिया। आर्थिक नुकसान से बचने के लिए बस्तर के किसानो ने भी फसल बीमा का सहारा लेने आगे आए थे।

31 जुलाई अंतिम तिथि तक जिले के 15 हजार 421 अऋणी किसानो ने फार्म भर कर जमा किए थे। इनमे 1 हजार 166 किसान बीमा का फायदा नही उठा पाएंगे। इसका मुख्य कारण किसानो के बैंक खाते में पर्याप्त राशि नही होने के साथ आधार कार्ड और दूसरे महत्वपूर्ण कागजात बीमा फार्म के साथ जमा नही किया जाना है। कृषि विभाग के आईएओ को फार्म जमा करने की जिम्मेदारी दी गई थी। बगैर जांच किए फार्म को जमा करने के कारण बैंको ने रिजेक्ट कर दिए।

जिले में 1 लाख 13 हजार हेक्टेयर में खेती

बस्तर जिले के किसान लगभग खरीफ फसल पर निर्भर रहते है। कृषि विभाग के अनुसार इस साल 1 लाख 13 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की खेती कर रहे है। 77 हजार हेक्टेयर पर बोता बुआई किए है। वही 35 हजार हेक्टेयर पर रोपा लगा रहे है। जिले के लगभग 35 हजार किसान प्रधान मंत्री फसल बीमा का लाभ लेने के लिए बीमा कराए है।

एसबीआई में सबसे अधिक फार्म रिजेक्ट

बस्तर के किसान धीरे-धीरे जागरूक हो रहे है। मौसम की मार से होने वाली नुकसान से बचने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का सहारा ले रहे है। फसल बीमा की प्रति हेक्टेयर सिंचित 740 प्रीमियम राशि जमा कराने के साथ आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, नक्शा, खसरा, बी-1 आदी किसानों ने संबंधित समिति या बैंक में जमा करना था। आवश्यक दस्तावेज की कमी के कारण स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने 452, बैंक ऑफ बड़ौदा ने 284 और ग्रामीण बैंक ने 151 किसानो के फार्म को रिजेक्ट किया।

निजी कंपनियों की नौकरी में बेरोजगारों की रूचि नहीं

प्लेसमेंट कैम्प में रिक्त पद से कम पहुंच रहे बेरोजगार

जगदलपुर, 7 अगस्त (सन्यूस)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में मेडिक्स मोबाईल यूनिट के लिए एएनएम, लैब टेक्निशियन और फार्मासिस्ट के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट कैंप में कुल 30 पदो के लिए 21 प्रतिभागी ही शामिल हुए। बेरोजगारों में शासकीय नौकरी की अपेक्षा निजी संस्थाओं में नौकरी केलिए उत्साह कम नजर आ रहा है। यही कारण है कि विभिन्न कंपनियों के द्वारा आयोजित प्लेसमेंट कैंप में रिक्त पदों से कम प्रतिभागी ही पहुंचते हैं। इसका एक कारण प्लेसमेंट एजेंसियों केद्वारा कम वेतन दिया जाना भी है।

उपसंचालक रोजगार श्री नेताम से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में शासकीय रिक्त पदों की संख्या काफी कम होने के चलते बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निजी कंपनियों केरिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

मंगलवार को जय अंबे एमरजेंसी मेडिक्स सर्विस संस्था के द्वारा संचालित मेडिक्स मोबाइल यूनिट के लिए विभिन्न स्थानों पर फार्मेसिस्ट के 13, लेब टेक्निशियन 13 व एएनएम के 4 रिक्त पदों के लिए आयोजित प्लेसमेंट कैंप में केवल 21 प्रतिभागी पहुंचे। जबकि रिक्त पदों की संख्या कुल 30 थी। यंग प्रोफेशनल अतना सामन ने बताया कि उक्त प्लेसमेंट कैंप में पांच फार्मासिस्ट, चार एएनएम और दो लेब टेक्निशियन के उम्मीदवार थे। प्लेसमेंट में कम संख्या में पहुंचने का एक कारण बीती रात से हो रही अनवरत बारिश के भी माना जा रहा है।

नुलकातोंग के मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों के शव लेने कोंटा थाना पहुंचे परिजन

कोंटा ,7 अगस्त (सन्यूस)। नक्सलियों के खिलाफ चलाया गया आपरेशन मानसुन जिसमे सुकमा पुलिस बल को बड़ी सफलता हाथ लगी थी। नुलकातोंग के पहाड़ के पास नक्सली व पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में कुल पंद्रह नक्सली व 16 देशी हथियार जिसमे भरमार बन्दूकव देशी कट्टा रोजमर्रा की सामग्री,आईडी व अन्य नक्सली सामग्री भी सुरक्षा बलों को मिली है। मारे गये नक्सलियों के शव लेने उनके परिजन कोंटा थाना पहुंचे।

15 नक्सलियों के मारे जाने के बाद उनकी शिनाख्त वंजम हूँगा, पीएल प्लाटून कमांडर सोयम सीता मुचाकी हड़मा, मड़कम टिंकू कवासी बामु, वंजाम गंगा, कडती आयता, कडती हूँगा, मुचाकी हिड़मा, जोगा, हिड़मा, मुचाकी मुका, मुचाकी देशा के रूप में की गई है जो की गोमपाड़, नुलकातोंग, बेलपोच्चा, किन्द्रेलपाड़ केनिवासी है। मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों के शव को लेने परिजनों के साथ लगभग 55 की संख्या में ग्रामीण कोंटा पहुंचे। परिजनों के साथ बातचीत के दौरान यह बात सामने आ रही है कि यह मारे गए नक्सलियों में कुछ दस वर्षों से माओवादी संगठन में सक्रिय रहे तो कुछ एक वर्ष से ही माओवादी संगठन से जुड़े थे।

बताया जा रहा है कि एरिया कमांडर मंगडू व रेला नक्सली माओवादी संगठन के लिए काम कर रहे थे। पीएल प्लाटून कमांडर वंजाम हूँगा की माँ वंजाम देवे निवासी बेलपोच्चा व सोयम सीता की भाभी सोयम नागी निवासी गोमपाड़ मुचाकी मुका की बहन हिडमे निवासी नुलकातोंग ने भी इस बात को स्वीकारा है।

55 महिलाएं एक साथ कोंटा थाना पहुंची। इसके पूर्व ही सभी शव पोस्मार्टम केलिए सुकमा भेज दिये गये थे। अतिसंवेदनशील क्षेत्र से छोटे छोटे बच्चे व ग्रामीणों के साथ ग्रामीणों व परिजनों को पता लगा शव कोन्टा में नही है सुकमा ले गए। यह बात सुनते ही दर दर भटकने केअलावा इनकेपास कोई चारा नही था। इस बीच कोंटा पुलिस के द्वारा परिजन व ग्रामीणों को रात रुकने व भोजन की व्यवस्था करवा कर सुबह परिजनों को शव लेने सुकमा रवाना किया गया ।

इधर पुलिस का मानना है कि पन्द्रह नक्सली मारे जाने व कई वर्षों से माओवादी संगठन में सक्रिय व स्थायी वारंटी मड़कामी देवा को गिरफ्तार किया है। जिसके गिरफ्तारी से और भी जानकारी पुलिस के हाथ लग सकती है। पुलिस इसे बहुत बड़ी सफलता मान रही है ।

प्रेशर बम विस्फोट में कोबरा केअसिस्टेंट कमांडेंट घायल

जगदलपुर, 7 अगस्त (सन्यूस)। सुकमा जिले में आज सुबह नक्सलियों द्वारा बिछाए गए प्रेशर बम विस्फ ट में सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट एचएस इजुन गंभीर रूप से जख्मी हो गये।

बस्तर आईजी विवेकानंद सिंह ने बताया कि चिंतलनार थाने से आज सुबह पुलिस क संयुक्त बल एरिया डोमिनेशन के लिए रवाना किया गया था। लौटते वक्त ग्राम रावगुड़ा के समीप जंगल में नक्सलियों द्वारा बिछाए गए प्रेशर बम में पैर पड़ने पर विस्फोट हो गया। धमाके में सीआरपीएफ 201 बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट एचएस इजून बुरी तरह जख्मी हो गए हैं।

उल्लेखनीय है कि घायल जवान को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किए जाने की तैयारी की जा रही है। किंतु मौसम की खराबी और निरंतर हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से एमआई 17 हेलीकाप्टर टेकआफ नहीं कर पा रहा है। मौसम खुलने केपश्चात ही रेस्क्यू आपरेशन शुरू किया जाएगा। यहां यह उल्लेख करना लाजिमी होगा की इसी इलाके में कल पुलिस ने 15 नक्सलियों के मुठभेड़ में मार गिराते हुए कीर्तिमान स्थापित किया है।

4 जवानों का हत्यारा नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर, 07 अगस्त (सन्यूस)। जिले की कुटरू थाना पुलिस ने दबिश देकर स्थायी वारंटी एवं 4 जवानों का अपहरण कर हत्या में शामिल नक्सली बुधु वेंडजा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बस्तर डीआईजी रतनलाल डांगी ने बताया कि थाना कुटरू से उप निरीक्षक दिनेश चन्द्रा, उनि रमेश पटेल के हमराह स्टॉप नक्सली गश्त सर्चिंग, नक्सली आरोपियों एवं वारंटियों की पता तलाश में गटपल्ली, भटपल्ली मुरकीनार की ओर रवाना हुये थे। इसी दौरान जंगल में एक नक्सली को भागते हुए गिरफ्तार किया गया। स्थाई वारंटी बुधु वेंडजा 2015 में नैमेड़-कुटरू मार्ग से 4 सहायक आरक्षकों के अपहरण कर हत्या में शामिल रहा है।

जन संवाद करने बीजापुर पहुंचे उपनेता प्रतिपक्ष लखमा

बीजापुर, 07 अगस्त (सन्यूस)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश के सभी जिलों में कांग्रेस द्वारा जन संवाद कार्यक्रम चलाया जा रहा है, इसी कार्यक्रम के तहत कवासी लखमा एक दिवसीय प्रवास पर बीजापुर पहुंचे ।

उप नेता प्रतिपक्ष व कोंटा के कांग्रेसी विधायक कवासी लखमा जन संवाद कार्यक्रम में मतदाताओं से मिलने बीजापुर मुख्यालय पहुंच कर नगर के जेल बाड़ा, डारापारा, विजय नगर, नया बस स्टैंड पहुंच कर वहाँ के मतदाताओं से मुलाकात कर भाजपा की प्रदेश और केंद्र सरकार की गलत नीतियों के चलते आम जनता को होने वाली परेशानियों से अवगत कराया, इसके अलावा मतदाताओं का मन टटोलने का प्रयास भी किया।

नया बस स्टैंड के व्यापारियों से सम्पर्क कर नॉट बन्दी और जीएसटी से होने वाली परेशानियों के सम्बंध में विस्तृत चर्चा किया । इस जन संवाद कार्यक्रम के दौरान कवासी लखमा भाजपा सरकार की खामियों व कांग्रेस सरकार के समय की उपलब्धियों मतदाताओं के सामने रखते हुए भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिये कांग्रेस को वोट करने का आग्रह करते दिखे ।

इस कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सचिव सत्तार अली, राज कुमार तमो, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शंकर कुडियम, वरिष्ठ कांग्रेसी अजय सिंह, जिला महामंत्री लालू राठैर, कमलेश कारम, मनोज अवलम, आर वेणु गोपाल राव, प्रवीण डोंगरे, कलाम खान, सन्तोष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

गुप्त रोगी सम्पर्क करें

लतिया इलाज स्त्री-पुरुष, गुप्त रोग, शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, कमजोरी, नपुंसकता, टेढ़ापन का मशीनों द्वारा

जांच गारंटी के साथ लतिया इलाज

संपर्क- डॉ. अहमद

जे.जे. लॉजपीटल, आर.एल.एस. मार्केट, पावर हाऊस, बस स्टैण्ड के पीछे भिलाई

प्रतिदिन सुबह 9 से 5 बजे रविवार 9 से 2

सावधानः डॉ. अहमद जे. जे. हॉस्पिटल के नाम अन्य कोई भी शाखा नहीं है. मिलते-जुलते नाम से धोखा न खाएं. पेपर कटिंग साथ में लाएं.
जे.जे. हॉस्पिटल 0788-2296252, 9098889899

आवश्यकता है

दण्डकारण्य समाचार कार्यालय में निम्न पदों पर योग्य व्यक्तियों की नियुक्ति किया जाना है :

1) कंप्यूटर टाइपिस्ट :- योग्यता: न्यूनतम 10वीं उतीर्ण, हिन्दी टाइपिंग में अच्छी स्पीड, अंग्रेजी टाइपिंग भी जानने वाले को प्राथमिकता। रात्रि 11-12 बजे तक काम करने में सक्षम।

2) चपरासी:- योग्यता: पांचवी कक्षा उतीर्ण। रात्रि में काम करने में सक्षम ।

योग्य एवं इच्छुक नवयुवक तत्काल संपर्क करें।

- संपर्क समय:-
संध्या 7 से 8 बजे तक

- प्रबंधक

मुद्रक व प्रकाशक तुषार कांति बोस द्वारा मालिक तुषार कांति बोस के लिए दण्डकारण्य समाचार, समाचार कम्पलेक्स, कृष्णनगर वार्ड, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से मुद्रित एवं समाचार कम्पलेक्स, कृष्णनगर वार्ड, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से प्रकाशित : संपादक - श्रीमती मणिकुन्तला बोस
कार्यकारी संपादक - शिवस्वरूप बोस Post Box No.- 8, ☎ Office - 07782/227594 Fax- 07782/227593 E-mail: news@dandakaranyasamachar.com Raipur Office : Aashirwad Bhavan, Ram Mandir Road, Byron Bazar, Raipur - 492001 (C.G.)